तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 रिमझिम फुहारों के साथ गहराया सर्पदंश का खतरा, 20 दिनों में 7 लोगों की हुई है मौत



## नोडल आईडी नहीं बनने से आयुर्वेद विभाग में नहीं हो रही है बायोमैट्रिक अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुर्वेद विभाग की ऑनलाइन अटेंडेंस के लिए नोडल आईडी नहीं बनने से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बीते एक वर्ष से नहीं हो रही है। आयुर्वेद अधिकारियों, कर्मचारियों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस की जब निर्देश जारी किया गया तब यह जानकारी सामने आई कि आयुर्वेद विभाग की नोडल आईडी ही नहीं बनी है और एक वर्ष हो गए हैं विभाग ने इसके लिए पहल ही नहीं की।

वर्तमान में सभी शासकीय विभागों में कार्यालयीन आधारित ऑनलाइन अटेंडेंस प्रक्रिया पर जोर दिया जा रहा है। इससे विभागों में अटैच कर्मचारियों की पोल खुलने लग गई। इसके अलावा सरकारी दफ्तरों में बायोमैट्रिक मशीन लगाए जाने से विभागीय कर्मचारियों अधिकारियों की देर से आने की आदत पर लगाम तो लग सकी किन्तु दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग का आयुष विंग ऐसा है जिसकी एक वर्ष से नोडल आईडी ही नहीं बनी। एक पत्र विभाग की ओर से कर्मचारियों और चिकित्सकों को जारी किया गया था। जिसमें उनके द्वारा विभाग की नोडल आईडी नहीं बनाए जान का उल्लेख करते हुए बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं किए जाने की बात कही गई थी। इनके द्वारा एक पत्र भी विभाग के अधिकारी को सौंपा गया था। तब से लेकर आज तक आयुष विंग के विभागीय ⏭ शेष पेज 3 पर

### एक जुलाई से अनिवार्य की गई है अटेंडेंस

**खास बातें**

- दफ्तर आधारित ऑनलाइन अटेंडेंस पर भी लगा ब्रेक
- बायोमैट्रिक अटेंडेस का जारी हुआ है निर्देश




### मैदानी कर्मियों के उड़े होश

दफ्तर आधारित ऑनलाइन अटेंडेंस से उन मैदानी कर्मियों को परेशानी हो रही है जो अपने कार्यस्थल में रवाना हो जाते हैं ऐसी स्थिति में उनके पास दफ्तर में उपस्थित होकर अटेंडेंस देना मुश्किल हो जाता है। यही कारण है कि मैदानी क्षेत्र के आयुर्वेद चिकित्सक सहित आम स्वास्थ्य कार्यकर्ता भी दफ्तर आधारित अटेंडेंस को लेकर परेशानी झेल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अलावा दो दिन पूर्व ही राजस्व कर्मियों ने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दफ्तर आधारित अटेंडेंस की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज करायी थी।

### कोरबा पश्चिम क्षेत्र के कलमीडुग्गू बस्ती का मामला

## नालियों में भरा राखड़, निकासी बंद होने से लोगों के घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगातार हो रही बारिश के बीच कोरबा पश्चिम दर्री क्षेत्र से लगे कलमीडूग्गू बस्ती के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं और लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन द्वारा राखड़ का समुचित प्रबंध नहीं किए जाने के कारण राखड़ नालियों में जमा होकर जल निकासी को बाधित कर रहा है, जिससे बारिश का पानी क्षेत्रों में भर रहा है।

**खास बात**

- सड़क किनारे व बस्ती के समीप किया गया राखड़ का विस्थापन, बनी मुसीबत

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से कलमीडुग्गू बस्ती के अधिकांश हिस्सों में पानी भर गया है। गलियों में जमा पानी लोगों के घरों में भी घूस गया है। छोटे-छोटे बच्चे भी इसी गंदे पानी से होकर आने-जाने को मजबूर हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना या जलजनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई घरों में पानी और राखड़ घुसने लगी है, जिससे लोगों की दैनिक दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। मकानों को नुकसान, घरेलू सामान की बर्बादी तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कोरबा पश्चिम संयंत्र प्रबंधन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समस्या वर्षों से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल आश्वासन देने तक सीमित हैं। लोगों का कहना है कि यदि किसी बड़ी दुर्घटना या जनहानि के बाद ही कार्रवाई होगी तो यह प्रशासनिक संवेदनहीनता का गंभीर उदाहरण होगा। साथ ही राखड़ प्रबंधन की स्वतंत्र जांच कराई जाए, नालियों की तत्काल सफाई कर जल निकासी बहाल की जाए तथा भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए स्थायी समाधान लागू किया जाए। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।


आवासीय परिसरो में भरा पानी।

### दर्री-झाबू राखड़ डेम से अविरल राखड पानी का बहाव

कोरबा पश्चिम संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध से प्रभावित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि बांध से निरंतर राखड़युक्त पानी का बहाव हो रहा है। बांध से बाहर निकलने वाले पानी में राखड़ की मात्रा को कम करने के लिए संयंत्र लगाया गया है। बावजूद इसके इस संयंत्र का उपयोग ना कर राखड़युक्त पानी को सीधे हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जिससे नदी में बड़ी संख्या में राखड़ का जमाव हो रहा है। इसका असर निस्तारी कार्य पर पड़ रहा है। पर्यावरण संरक्षण मंडल भी इस पर संज्ञान नहीं ले रहा है। ग्रामीणो का आरोप है कि जांच के दौरान पर्यावरण विभाग की टीम बांध में लगे संयंत्रों तक नहीं पहुंचते हैं और ऑफिस में ही मानक रिकार्ड दस्तावेज के आधार पर खानापूर्ति कर ली जाती है। राखड़युक्त पानी के निर्गमन के लिए बांध के नीचे अंतिम छोर पर राखड़युक्त पानी के लिए मापक यंत्र कक्ष स्थापित किया गया है। इसके बाद भी राखड युक्त पानी का निर्गमन न करते हुए इस कक्ष के किनारे से समरुप बना नाली से बहिर्गमन कर दिया जाता है। बांध के बीच बना राखड़ छनित संयंत्र डेम में राखड़ युक्त पानी को छानने के लिए छन्नीदार कनात लगाकर चारों तरफ़ से घेरा लगाकर छनित पानी को निष्कासित किया जाता है। यहां इस छन्नीदार कनात को निकालकर निरंतर राखड पानी का बहाव किया जाता है, जो घोर लापरवाही को दर्शाता है।



## हाथियों ने भुडूपानी में एक मकान को किया ध्वस्त, बाल-बाल बचा परिवार


हाथी के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया मकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथी उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की रात हाथियों ने कटघोरा वन मंडल के ग्राम भुडूपानी में हाथी के हमले में एक मकान को ध्वस्त कर दिया है। हालांकि इसमें जनहानि नहीं हुई लेकिन परिवार के सामने सिर छिपाने की समस्या खड़ी हो गई। हाथियों के उत्पात के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

**खास बात**

- मौके पर वन विभाग की टीम पहुंचकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा

जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों ने एक बार फिर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। एतमानगर, जटगा व केंदई रेंज में बड़ी संख्या में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। एतमानगर में विचरण कर रहे हाथियों ने सोमवार की रात उत्पात मचाते हुए मड़ई सर्किल के भुडूपानी गांव में फूलकन्या कुजूर पति विजय कुजूर नामक महिला के मकान को ध्वस्त कर दिया है और घर में रखे घरेलू सामनों को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना के दौरान महिला अपने परिवार के साथ सो रही थी। हाथियों के घर के पास आने की आहट सुनकर परिवार ने घर से किसी तरह बाहर निकलकर आसपास के लोगों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचित किया। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और उत्पात मचा रहे हाथियों को खदेडऩे का प्रयास किया गया। जिसके बाद हाथी ग्रामीण क्षेत्रों को छोड़कर जंगल की ओर चला गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हाथियों का झुंड सुबह सुबह गुरसिया जंगल की ओर चला गया है। वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। गुरसिया व आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है। कटघोरा वनमंडल में वर्तमान में विभिन्न वन परिक्षेत्रांतर्गत ⏭ शेष पेज 3 पर

## उप मुख्यमंत्री जिले को देंगे 73 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, कोरबा जिला प्रभारी मंत्री तथा नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरूण साव 23 जुलाई को जिले को 73 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे, उनके द्वारा 36 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन तथा 37 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण किया जायेगा।

**खास बात**

- 36 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण


अरुण साव

उप मुख्यमंत्री श्री साव का कोरबा प्रवास 23 जुलाई को होने जा रहा है, विविध कार्यक्रमों के साथ-साथ श्री साव जिले को 73 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो की सौगात प्रदान करेंगे, जिसमें 36 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन व 37 करोड़ रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण शामिल है। उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया जायेगा, उनमें दर्री बराज कोहड़िया मार्ग में बेलगरी नाला पर 9 करोड़ 11 लाख 68 हजार रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण, कुदमुरा श्यांग मार्ग में गुरमा नाला पर 5 करोड़ 5 लाख 62 हजार रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण, लेमरू श्यांग मार्ग में लमटी नाला पर 3 करोड़ 74 लाख 34 हजार रूपये की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत आजीविका संवर्धन हेतु प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत शहरी वर्ग के आय सृजन करने हेतु 90 लाख 96 हजार रूपये की लागत से दुकान निर्माण कार्य, निगम क्षेत्रांतर्गत सीएसईबी चौक से जैन चौक से आईटीआई चौक से कोसाबाड़ी चौक तक 11 करोड़ 54 लाख 80 हजार रूपये की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य, निगम के वार्ड क्र. 31 में 1 करोड़ 26 लाख 98 हजार रूपये की लागत से राजीव सिंह के घर से लेकर भदौरिया के घर तक तथा भदौरिया के घर से लेकर डाक्टर बंसोर अस्पताल तक नाली निर्माण दोनों तरफ, वार्ड क्र. 31 में ही डाक्टर अनंत ⏭ शेष पेज 3 पर

## बाइक सवार युवक कर रहा था नाला पार, तेज बहाव में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नकिया निवासी राहुल कुमार मंझवार 28 वर्ष अपने दोस्त बुधराम मंझवार के साथ सोमवार को घरेलू काम से कोरबा शहर गया हुआ था। जहां देर शाम दोनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इस बीच हो रही लगातार बारिश के कारण गांव से करीब 3 किलोमीटर पहले स्थित सांचर नाला उफान पर था। नाला में तेज बहाव था। इसके बावजूद राहुल मंझवार ने बाइक से ही नाला पार करने कोशिश की इस बीच राहुल का साथी बुधराम को लगा कि नाला पार कर ठीक नहीं होगा और उसने बाइक से उतर गया। राहुल बाइक के साथ आगे बढ़ते गया बुधराम उसके पीछे पीछे जा रहा था। राहुल जैसे ही तेज बहाव के संपर्क में आया वैसे ही वह बाइक सहित नाला में बह गया। वहीं बुधराम ने किसी तरह अपनी जान बचायी और पानी का स्तर कुछ कम होने पर गांव पहुंचकर परिजनों और पुलिस को हादसे की सूचना दी। अंधेरा और तेज बहाव होने के कारण सोमवार रात राहुल की तलाश नहीं किया गया। मंगलवार की सुबह पुलिस, स्थानीय ग्रामीणों और बचाव दल ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान शुरू किया। लगभग 12 घंटे की मशक्कत के बाद राहुल का शव तीन किलोमीटर दूर नाला में बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**खास बात**

- 12 घंटे के बाद मिला लापता युवक का शव

### स्कूली बच्चों ने तख्ती लेकर प्रशासन से लगाई गुहार

## कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर फिर लगा जाम, घंटों परेशान रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के व्यस्ततम कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर एक बार फिर लोगों को भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाने के कारण आम जनता को घंटों तक भारी परेशानियों से जूझना पड़ा। इस जाम का सबसे अधिक प्रभावित स्कूली बच्चे हुए। रोज़ाना लगने वाले इस जाम के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुँच पाते जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या से तंग आकर स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन व पुलिस विभाग से जाम की समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों का कहना है कि भारी वाहनों की बेधड़क आवाजाही और सड़कों की स्थिति के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि स्कूली समय के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएँ।

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र में एक बार फिर आम लोग जाम से दो चार हो रहे हैं। बीते सोमवार की शाम से लगा जाम आज मंगलवार की सुबह युवाओं द्वारा किए गए घंटों मशक्कत से खुल पाया। इस दौरान कुसमुंडा, दीपका, बांकी, हरदीबाजार की ओर से आने वाले हजारों लोग इमलीछापर रोड ⏭ शेष पेज 3 पर


कुसमुण्डा मार्ग में लगा भारी वाहनों का जाम।


हाथ में तख्ती लिए स्कूली छात्र।

### खबर संक्षेप

#### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण संपन्न

**कोरबा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम 2026 में जिले के अधिक से अधिक ऋणी एवं अऋणी कृषकों को फसल बीमा के दायरे में शामिल करने के उद्देश्य से 20 जुलाई को जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में भारतीय कृषि बीमा कंपनी (एआईसी) के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से आए राज्य स्तरीय प्रतिनिधि रवि चंद्रवंशी एवं जिला प्रतिनिधि रामेश्वर प्रसाद पटेल ने योजना के प्रावधानों एवं ऑनलाइन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर, सहायक संचालक कृषि, सहायक नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक लीड बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं लीड बैंक के अधिकारी, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के जिला प्रबंधक, ऑपरेटर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### सेना में भर्ती हेतु परीक्षा का परिणाम घोषित

**कोरबा।** भारतीय सेना में भर्ती हेतु सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों की ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा अग्निवीर जनरल डयूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर ट्रेडमेन, अग्निवीर महिला पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा आदि श्रेणियों के लिए 1 जून से 12 जून तक छत्तीसगढ़ के परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की गई थी, उसका परीक्षा परिणाम 12 जुलाई को घोषित हो गया है। परिक्षार्थी अपना परीक्षा परिणम भारतीय सेना की वेबसाइट पर देख सकते हैं और यह परिणाम सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित किया गया है। कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) में सफल हुए छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों के लिए अगले चरण के अंतर्गत शारीरिक दक्षता, दस्तावेजो की जांच और चिकित्सा परीक्षण आयोजित किया जाएगा।

#### कक्षा 11वीं लेटरल एंट्री प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**कोरबा।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय डिंगापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 10 जुलाई तक कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए थे। पात्र आवेदकों के लिए 19 जुलाई को प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर, जिला कोरबा में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में 50 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग कोरबा, जिले के समस्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, निकटस्थ विभागीय आश्रम एवं छात्रावासों तथा प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर, कोरबा में देख सकते हैं।

#### बाढ़ क्षेत्र से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

**कोरबा।** वर्षाकाल के दौरान आवश्यकता होने पर मिनी माता बांगो बांध माचाडोली से हसदेव नदी में पानी प्रवाहित किया जायेगा। कार्यपालन अभियंता एस.के.भारती मिनीमाता हसदेव बांगो बांध संभाग क्रमांक 3 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि मिनीमाता बांगो जलाशय में बारिश के साथ ही जलभराव में वृद्धि हुई है। आज की स्थिति में बांगो जलाशय में जल भराव 354.61 मीटर 71.67 प्रतिशत है। जलाशय में 359.66 मीटर जल भराव होने के पश्चात गेट खोलने की संभावना निर्मित होती है। उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल-अचल सम्पत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जायें।

#### जिले के अऋणी किसान 31 तक बीमा के लिए करा सकते हैं पंजीयन

**कोरबा।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, असमय वर्षा, सूखा, ओलावृष्टि, कीट प्रकोप और अन्य जोखिमों से फसल को होने वाली क्षति के विरूद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय को स्थिरता प्रदान करना और खेती को एक सुरक्षित व लाभकारी व्यवसाय बनाना है। इस योजना के अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। ऋणी कृषकों का बीमा संबंधित वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वचलित रूप से कर दिया जायेगा। बशर्ते उन्होंने खरीफ 2026 के लिए फसल ऋण लिया हो। लेकिन अऋणी कृषकों को इस योजना का लाभ उठाने स्वयं पहल करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### ड्राइवर पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कार खड़ी कर घर जा रहे ड्राइवर के साथ युवक ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी मोनू ठाकुर पिता श्याम सिंह ठाकुर ड्राइवरी का काम करता है। 19 जुलाई की रात 9.30 बजे कार खड़ी कर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान सौरभ उर्फ पोचो देवांगन पीछे से आकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गाली देने से मना करने पर वकील से मारपीट

**बिलासपुर।** गाली देने से मना करने पर वकील के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार नेहरू नगर निवासी वकील अमितेश तिर्की पिता मुक्ता कुमार तिर्की 20 जुलाई की रात 10 बजे घर में खाना खा रहे थे। घर के बाहर गाली की आवाज सुनकर बाहर निकले तो 4 - 5 लड़के गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फसल बीमा योजना पर पंजीयन 31 जुलाई तक

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 में ऋणी और अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। किसान इस दिन तक बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र, कृषि विभाग के जरिए अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। योजना के तहत बाधित रोपाई, रोपण जोखिम जैसी स्थितियों में सुरक्षा मिलेगी। अधिसूचित क्षेत्र में कम बारिश या खराब मौसम से अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं होने पर भी बीमा कवर मिलेगा। ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती बारिश, बेमौसम बारिश से होने वाले नुकसान पर भी सुरक्षा दी जाएगी। ऋणी और अऋणी किसान जिले के सहकारी बैंकों में आवेदन कर सकते हैं। सेवा सेतु केंद्रों के जरिए भी आवेदन किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक इस साल खरीफ सीजन में धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी, अरहर, मूंगफली, उड़द, मूंग फसलें शामिल हैं। खरीफ फसल के लिए कुल बीमित राशि ऋणमान के आधार पर तय होगी। किसानों को प्रीमियम के रूप में 2 प्रतिशत राशि देनी होगी।

### रेलवे स्टेशन से लापता बालक को किया गया बरामद

**अंबिकापुर।** रेलवे स्टेशन से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। लावारिश रूप से भटक रहे बच्चे को एक ग्रामीण ने अपने पास रख लिया था और ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि 15 जुलाई को 40 वर्षीय कुन्नी लाल सिंह ने गांधीनगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कोरिया जिले के डबरी पानी का रहने वाला है और अजिरमा में किराए के माकन में रहकर मजदूरी करत है। घटना दिवसी को वह मेमू से अपने तीन साल के बेटे को लेकर आया था। इस दौरान वह खाने-पीने के बाद स्टेशन पर ही सो गया और उसके बच्चे को कोई बहला फुसला कर ले गया। शिकायत पर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 137(2) के तहत शून्य में अपराध दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने लापता बालक की तलाश के निर्देश दिए थे। इस बीच कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम गांझाडांड निवासी ग्रामीण द्वारा बच्चे को लावारिस हालत में देखकर बच्चे को अपने साथ रखकर की बात सामने आई। ग्रामीण बच्चे के परिजन की तलाश कर रहा था और परिजन के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर अपने घर में बच्चे को रख लिया। इसके साथ ही चौकी रघुनाथपुर लाकर नाबालिग बालक को पेश किया है। बालक की पहचान होने पर परिजन को इसकी सूचना दी गई और आरपीएफ की मदद से बच्चे को सुपुर्द किया गया।

**वैकल्पिक खरीददारी क्षेत्र का निर्माण होगा** | **कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, अगली सुनवाई अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में**

# तीन महीने तक नहीं हटाए जाएंगे बृहस्पति बाजार के व्यापारी, निगम देगा सारी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने सालों पुराने बृहस्पति बाजार को तोड़कर नया मल्टीलेबल स्मार्ट बाजार बनाने की योजना बनाई है। यहां के सब्जी व्यापारी लेकिन हटाने और दूसरी जगह बेहतर व्यवस्था देने की मांग कर रहे हैं।

व्यापारियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सर्व सुविधायुक्त मार्केट की मांग की है। याचिका की सुनवाई के दौरान नगर निगम ने कोर्ट को आश्वस्त किया है कि तीन महीने के भीतर व्यवसायियों को सुविधायुक्त वैकल्पिक बाजार देंगे। व्यवस्थापन के बाद ही व्यापारियों को हटाया जाएगा। कोर्ट ने नगर निगम को जरुरी निर्देश जारी किया है। नगर



निगम की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अनादि शर्मा ने कोर्ट को बताया कि निगम तीन महीने के भीतर बृहस्पति बाजार के दुकानदारों के लिए एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में वैकल्पिक खरीदारी क्षेत्र का निर्माण करेगा। वैकल्पिक बाजार के पूरा होने पर, कोर्ट के समक्ष अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि तीन महीने की अवधि के लिए, याचिकाकर्ताओं को बृहस्पति बाजार में स्थित उन परिसरों से नहीं हटाया जाएगा जहां से वे वर्तमान में अपना व्यवसाय चला रहे हैं।

इस पर कोर्ट ने नगर निगम को निर्देश जारी किया कि वह उस स्थान पर वैकल्पिक बाजार का निर्माण करे जहां बृहस्पति बाजार के दुकानदारों को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। नई जगह पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि वैकल्पिक बाजार का विकास सार्वजनिक बाजारों पर लागू निर्धारित मानदंडों और मानकों के अनुसार हो।

### नई जगह पर बुनियादी सुविधाएं जरूरी

वैकल्पिक बाजार का स्थान सुविधाजनक और आम जनता के लिए आसानी से सुलभ होना चाहिए। निगम यह भी सुनिश्चित करेगा कि सभी बुनियादी नागरिक अवसंरचना और आवश्यक सुविधाएं, जिनमें पर्याप्त स्वच्छता, पेयजल, बिजली आदि शामिल हैं, उपलब्ध हो। इसके अलावा अस्थायी बाजार में जल निकासी, पार्किंग सुविधाएं और अन्य आवश्यक सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करनी होगी ताकि दुकानदार बिना किसी अनुचित कठिनाई के अपना व्यवसाय जारी रख सकें। याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 26 अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाले सप्ताह में सूचीबद्ध करने का निर्देश रजिस्ट्री को दिया है। याचिकाकर्ता जयप्रकाश सराफ की ओर से अधिवक्ता दीपाली पांडे और अधिवक्ता ईशान वर्मा व राज्य शासन की ओर आनंद दादरिया ने पैरवी की।

### ऐसा बनेगा मल्टी लेवल सब्जी बाजार

गौरतलब है कि बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाया जाएगा। इसके लिए डीएमएफ फंड से 13 करोड़ 39 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था रहेगी। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें होंगी। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा रहेगी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम होंगे। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह रहेगा। लोग आराम से बिना धक्का-मुक्की के सामान खरीद सकेंगे। गर्मी और वर्षाकाल में भी व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को राहत रहेगी। थोक मार्केट भी यहीं होने से चिल्हर विक्रेताओं को भाग दौड़ से मुक्ति मिलेगी।

# गुरु चेला के विवाद में किन्नर की गला दबाकर हत्या, बेटे को लाठी से पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक दिन में डबल मर्डर से जिले में सनसनी फैल गई है। गुरू चेला के विवाद में गला दबाकर किन्नर व साइकिल बनवाने के विवाद में पिता ने लाठी से हमलाकर बेटे की जघन्य हत्या कर दी है। डबल मडर से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एक माह के भीतर 8 हत्या की वारदातों से जिले में सनसनी फैल गई है।

सीएसपी निमितेश सिंह परहिार ने बताया कि चिल्हाटी निवासी किन्नर तन्नू खान का जोकी निवासी किन्नर मीरा उर्फ आशीष, वर्षा जान के बीच मित्रता थी और तीनों गुरू भाई थे। 17 जुलाई को वर्षा जान दिल्ली से बिलासपुर आई जिसे तन्नू खान ने पुराना बस स्टैण्ड स्थित एक होटल में रूकवाई थी। 20 जुलाई को तीनों भाई दोपहर 12 से 1 बजे के मध्य साथ में थे। मीरा उर्फ आशीष के आग्रह पर वर्षा जान और तन्नू खान जोकी उसके घर आटो से जा रहे थे। रास्ते में जरहागांव बरेला सेमरचुवा हाल मुकाम जोकी ओवरब्रिज निवासी किन्नर रिया उर्फ राकेश पिता परमेश्वर ध्रुव 24 साल मिला जो मीरा के कहने पर इंज्वाय करने उसके घर जाने को तैयार हो गया। तन्नू रिया के साथ स्कूटी से अपनी बड़ी मां को तालापारा स्थित अस्पताल में देखने गया। वहां से लौटकर दोनों 5 पाव देशी शराब व डेढ़ किलो मछली खरीदकर मीरा के घर आए। तन्नू खान ने मछली की सब्जी बनाई। चारों मिलकर शराब पीए और मछली खाए।


मृतका।


आरोपी।

### नशे में हुआ विवाद

नशे में किन्नर तन्नू खान ने मीरा से पूछी कि तुम्हारा गुरू कौन है किन्नर समाज में गुरू चेला प्रथा चलता है। चेला गुरू को सालाना 10 हजार व मासिक 2 हजार रुपए देता है। तुम मुझे अपना गुरू बनाओ नहीं तो तुम्हें मांगने खाने नहीं दुंगी। रिया बोली न मेरा कोई गुरू है और न मै किसी का चेला हुं। मै अपना गुरू / चेला स्वयं हूं न मै किसी से लेता हूं और न किसी को देता हूं। जिससे दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। किन्नर वर्षा व मीरा ने शांत रहने समझाइस दी। नहीं मानने पर अपने गुरू तालापारा निवासी राजा किन्नर को फोन लगाकर दोनों को समझाने बोले। राजा किन्नर के समझाने पर भी दोनों नहीं माने। तन्नू बोली तुम तालापारा में मांग खाकर दिखाओं तुम्हे बताती हूं।

### गला दबाकर की हत्या

विवाद के बाद तन्नू खान व रिया किन्नर गुरू राजा किन्नर से मिलने के लिए घर से पैदल साथ में निकले। रात 11 से 12 बजे के बीच एनएस 130 दलदलिहापारा बस स्टाप के पास दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। जिससे रिया ने तन्नू खान के साथ मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने रिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेहीं पर पुलिस ने मृतका तन्नू खान की मोबाइल, चप्पल, चार्जर व अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी रिया किन्नर को गिरफ्तार कर लिया है।

### लाठी से पीटकर पिता बेटे की हत्या

तखतपुर पुलिस के अनुसार, कुसमूली निवासी मोहित श्रीवास 56 साल का बेटा विजेन्द्र कुमार श्रीवास 30 साल शराब पीने का आदि था और आए दिन नशे में घर में विवाद कर हंगामा मचाता था। उसकी हरकत से घरवाले परेशान हो गए थे। 21 जुलाई की सुबह नशे में विजेन्द्र अपने पिता से मोटर साइकिल बनवाकर लाने पर पैसा मांगा। मना करने पर विजेन्द्र गाड़ी स्वयं रखने के बात कहते हुए गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। आए दिन के हंगामा से त्रस्त होकर पिता मोहित श्रीवास से बेटा विजेन्द्र के सिर पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सिर फट जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने घर से आरोपी पिता मोहित श्रीवास को गिरफ्तार कर लिया है।

### एक माह में 8 जघन्य हत्या की वारदात

- 12 जुलाई 2026 को रतनपुर मछली चोरी के विवाद में खूंटाघाट डेम के चौकीदार तिरिथराम यादव
- 13 जुलाई 2026 सरकण्डा बाल सम्प्रेक्षण गृह चौकीदार नेरन्द्र कुमार खाण्डे
- 16 जुलाई 2026 रतनपुर नवागांव गिरजाबंद निवासी 65 वर्षीय रिखीराम सूर्यवंशी
- 18 जुलाई 2026 रतनपुर अकलतरी निवासी इंद्रप्रकाश उर्फ गोलू
- 22 जून 2026 पचपेड़ी रैलहा भड़हा निवासी मोंगरा बाई
- 23 जून को केंद्रीय जेल में विचारधीन बंदी नीलू जगत

# बेलगाम ट्रैक्टर खेत में पलटा 2 महिला की मौत, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 मजदूरों को बैठाकर धान रोपाई करने जाने के दौरान ट्रैक्टर ट्राली सहित खेत में पलट गया। हादसे में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

हिर्री टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया कि 21 जुलाई की सुबह 7 बजे मेडपार निवासी चालक चंद्रशेखर पटेल पिता रामलाल पटेल 26 साल बिना नम्बर ट्रैक्टर ट्राली गांव के ही 20 महिला व पुरूषों को बैठाकर ग्राम सर्करा खेत में धान रोपाई करने के लिए लेकर जा रहा था। चालक द्वारा तेज गति से लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाने से मोतीलाल जायसवाल के खेत के पास अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर पलट गया। ट्राली के नीचे कई महिलाएं दब गई। हादसे के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेसीबी मंगाकर ट्राली को उठाकर घायलों को बाहर निकाला गया। ट्राली में दबकर मेड़पारा निवासी मथुरा निषाद पति आरती निषाद 36 साल, बम्लेश्वरी निषाद पति दिलीप निषाद 35 साल की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतका।

वहीं गंभीर रूप से घायल मिनौली निषाद, चमारिन केंवट, संगीता प्रजापति, रामकुमार प्रजापति, चंदा बाई केंवट को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अजय यादव की रिपोर्ट पर चालक चंद्रशेखर पटेल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या बीएनएस की धारा 105, 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# बिजली गुल होते ही अस्पताल में छाता है अंधेरा, सोलर पैनल सिस्टम हो जाता है बंद

**बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मामला, मरीजों को होती है दिक्कत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को मिलने वाली सुविधा के नाम पर मजाक हो रहा है। कहने को यहां लाखों रूपए के सोलर पैनल लगाए गए है लेकिन बैटरी बैकअप नहीं होने के कारण बिजली जाते ही पूरे अस्पताल में अंधेरा छा जाता है।

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोलर ऊर्जा छलावा साबित हो रहा है। लाखों रूपए खर्च कर 140 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया है। आन ग्रीड होने के कारण यह महज बिजली रहने पर ही काम करता है लेकिन इसकी बिजली अस्पताल के लिए विकल्प नहीं बन सकी है। इस माह का बिजली बिल 60 हजार रूपए से अधिक है। दरअसल आए दिन होने वाली बिजली बंद से मरीज और डाक्टर हलाकान होते है। बताया जा रहा है कि क्रेडा ने वित्तीय सहायता के अंतर्गत ऑन ग्रीड सोलर सिस्टम लगाया है, जिसमें बैकअप की व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में बिजली बंद होते ही अस्पताल अंधेरे में डूब जाता है।

वहीं 83 किलोवाट के जनरेटर को चालू करने के लिए अस्पताल के पास डीजल का टोटा है ऐसे में महज आपातकालीन में ईनवटर के भरोसे काम होता है, बिजली बंद होते ही डाक्टर और स्टाफ भाग खड़े होते है।

### हो चुकी है बैटरी की चोरी

खास बात यह है कि सरकारी फंड से पुराने अस्पताल में सोलर पैनल और बैटरी बैकअप दोनों लगाया गया है लेकिन समय के साथ ही पैनल कबाड़ होने लगे है और देखरेख नहीं होने के कारण बैटरी चोरी हो चुकी है। जिससे इस सिस्टम को नए अस्पताल में लगाया भी नहीं जा सकता है।

### वार्ड बॉय को बनाया सुपरवाइजर

बताया जा रहा है कि जनरेटर को बंद व चालू करने के लिए वार्ड बॉय विवेक शर्मा को जिम्मा दिया गया है। उसे इस काम का सुपरवाइजर बनाया गया है, लेकिन बिजली बंद होने पर सुपरवाइजर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहता है। साथ ही रात के समय जनरेटर को शुरू करने के लिए कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है। ऐसे में मरीजों को रात भर बिना बिजली के गुजराना पड़ रहा है।

### बैकअप सिस्टम काम नहीं करता

140 किलो वाट का सोलर पैनल है, अभी दो माह पहले लगाया गया है, यह बैकअप सिस्टम पर काम नहीं करता है लेकिन बिजली की आपूर्ति के दौरान यूनिट बनता है और इससे बिजली बिल में कमी आती है।

डॉ एसके गुप्ता, बीएमओ, बिल्हा

### फिलहाल पूरी जानकारी नहीं

मेरी पदस्थापना अभी ही हुई है, इसलिए मुझे सोलर पैनल की पूरी तरह से जानकारी नहीं है। बिल्हा अस्पताल का निरीक्षण कर ही जानकारी दे सकूंगा।

**-दीपक साहू**, एई, क्रेडा

# अवैध सागौन कटाई करने वाले आरोपी गिरफ्तार, वाहन जब्त


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विकास निगम की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ बाइक और चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया है, जिसे राजसात करने की तैयारी की जा रही है।

वन विकास निगम बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा को सूचना मिली कि कोटा वन परिक्षेत्र के भैंसाझार क्षेत्र में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई और परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही डीएफओ ने टीम को तत्काल जांच करने के बाद कार्रवाई करने का आदेश दिया। डीएफओ से आदेश मिलने के बाद टीम ने अवैध सागौन की कटाई और परिवहन के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही लाखों के सागौन और पिकअप सीजी 10 सीए 5801 और बिना नम्बर की एक बाइक को जब्त किया है।

- वन विकास निगम भैसाझार वन परिक्षेत्र में की गई कार्रवाई

आरोपी ग्राम राजपुर निवासी ललित साहू 25 साल, चनाडोंगरी निवासी लालसिंह यादव 21 साल, चनाडोंगरी निवासी दुर्गेश पाली 25 साल और ग्राम बांधा तखतपुर निवासी नीलकुमार धृतलहरे शामिल हैं।

आरोपियों के पास से वाहन और जब्त की गई लकड़ी को केन्द्रीय रोपणी भैंसाझार परिसर में सुरक्षित रखा गया है। वन विकास निगम ने आरोपियों कें खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 32 (क) एवं 32 (ग) के तहत अवैध कटाई और अवैध परिवहन का मामला कायम करने के बाद जांच शुरु कर दिया है।

# स्कूल के पास चल रहा था हुक्काबार पुलिस को देखकर भागे संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने स्कूल के पास संचालित हो रहे अवैध हुक्का बार में दबिश दी। पुलिस को देखकर संचालक अपने साथी के साथ भाग निकला। पुलिस ने कमरे से बड़े पैमाने पर हुक्का का सामान बरामद किया है। पुलिस ने फरार संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार को शिकायत मिली कि व्यापार विहार सेंट सेवियर्स स्कूल के पास विजय कुमार देशमुख के थर्ड फ्लोर मकान को किराए में लेकर मदर टरेसा रोड कुम्हारपारा जरहाभाठा निवासी श्रीकांत प्रजापति पिता राजाराम प्रजापति, मुंगेली फंदवानी निवासी सोनू दास मानिकपुरी पिता महेन्द्र दास मानिकपुरी अवैध रूप से हुक्काबार संचालित कर रहा है। यहांयुवाओं की हुक्का का कश लगाने के लिए भीड़ लगी रहती है, जिससे आसपास के क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है। 20 जुलाई की रात सीएसपी ने बल के साथ अवैध रूप से संचालित हुक्का बार में दबिश दी। पुलिस को देखकर संचालक श्रीकांत प्रजापति, सोनू दास मानिकपुरी कमरे से निकलकर भाग गए। कमरे की तलाशी लेने पर 6 नग हुक्का पोर्ट, 10 नग हुक्का पाइप, कोको फ्लेवर 3 पैकेट, स्मोकिंग सिरना 2 नग, हुक्का टीप्स 10 नग, एक स्टील का चिमटी सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। सिविल लाइन पुलिस ने फरार संचालक श्रीकांत प्रजापति, सोनू दास मानिकपुरी के खिलाफ 21, 1, 27, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों फरार संचालक के तलाश में जुट गई है।

### पूर्व में भी हुई थी कार्रवाई

पूर्व में सिविल लाइन पुलिस ने गौरवपथ रिहाइसी एरिया वसुंधरानगर के एक मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में हुक्का का सामान बरामद कर संचालक श्रीकांत प्रजापति व अन्य को गिरफ्तार किया था। वहां भी वह किराए के मकान में हुक्का बार संचालित कर रहा था।

# फर्जी सर्पदंश के आरोपी सिम्स चौकी के दो नगर सैनिक पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी सर्पदंश के मामले में गिरफ्तार सिम्स चौकी के दोनों नगर सैनिक को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर परिमांड की मांग की। कोर्ट ने दोनों को पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस दोनों से पूछताछ करने में लगी है।

मोबाइल कालडिटेल में मुख्य सरगना वकील से दोनों की कई बार बातचीत होने का प्रमाण मिला है। ज्ञात हो कि फर्जी सर्पदंश से मौत के मामले में सघन जांच के बाद 20 जुलाई को सिम्स चौकी में पदस्थ नगर सैनिक रामकुमार पाटनवार पिता स्व. देवनारायण पाटनवार 40 साल बंधवापारा सरकण्डा, रामेश्वर भास्कर पिता स्व. अंजोर दास भास्कर 53 साल अमेरी निवासी को गिरफ्तार किया गया था। 21 जुलाई को पुलिस ने दोनों नगर सैनिक को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की। कोर्ट ने पूछताछ के लिए दोनों को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है।



आरोपी नगर सैनिक

पुलिस दोनों नगर सैनिक से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जाता है दोनों नगर सैनिक कोई भी मृत्यु की सूचना चौकी में आने पर वकील महेन्द्र मनहर को सूचित करते थे। दोनों का मोबाइल कालडिटेल निकालकर वकील से कई बार बातचीत होना पाया गया है।

### डॉक्टर गोले की तलाश

ज्ञात हो कि पिछले दिनों सर्पदंश से मौत के मामले में तोरवा पुलिस ने सिम्स के पूर्व डाक्टर प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं डाक्टर प्रियंका सोनी के खिलाफ सिविल लाइन थाना के एक प्रकरण में अपराध दर्ज है। इसी तरह सिरगिट्टी थाना के सर्पदंश के मामले में सिम्स में पदस्थ डा. एसएन गोले के खिलाफ अपराध दर्ज है। मामला उजागर होने के बाद डा. गोले ड्यूटी से भाग खड़ा हुआ है। पुलिस ने डीन को डा. गोले को सूचना देने नोटिस जारी किया है।

# पति ने तीन तलाक बोलकर पत्नी बच्चों को निकाला घर से

**राजपुर।** दहेज को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी को प्रताड़ित करता था बल्कि गर्भपात नहीं कराने पर पत्नी के साथ मारपीट कर तीन बार तलाक, तलाक बोलकर पत्नी व बच्चों को घर से निकाल दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर राजपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मलगा निवासी 27 वर्षीय महिला ने राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह बरियो पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम आरा निवासी इस्तेयाक अंसारी आ. निशार अहमद (30 वर्ष) के साथ 16 मार्च 2017 को मुस्लिम विधि के तहत समाज के प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ था। विवाह के बाद पति के साथ आरा में दाम्पत्य जीवन का निर्वहन करने लगी। ग्राम आरा में पति एवं सास ससुर, जेठ-जेठानी का संयुक्त परिवार था। विवाह के एक वर्ष बाद पति तथा सास, ससुर एवं जेठ द्वारा दहेज में कम पैसा लाने के संबंध में ताना देने लगे और पिता से पैसा मंगवाने को लेकर गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे। माता-पिता तथा रिश्तेदारों द्वारा कई बार समझाया गया, उसके बावजूद पति सहित सास-ससुर का व्यवहार पहले जैसा ही बना रहा। साथ ही बार बार तलाक देने की धमकी दिया जाता था। सास ससुर तथा जेठ द्वारा भी उसके पति को तुरंत तलाक देकर घर से बाहर करने के संबंध में बोला जाता था। इसके बाद भी किसी तरह से सबकुछ बर्दास्त करते रही। दाम्पत्य संबंध से दो बच्चे भी हैं। इस वर्ष जब तीसरी बार गर्भवती हुई, तो पति सहित परिवार के लोग गर्भ गिराने के लिए जबरन बोलने लगे और जब मना किया तो 7 फरवरी को पति इस्तेयाक अंसारी द्वारा मारपीट करने के साथ एक साथ तीन बार तलाक, तलाक, तलाक, बोलकर दोनों बच्चों सहित घर से बाहर कर दिया गया और पति द्वारा यह कहा गया कि मैं तुझे तलाक दे दिया हूं।

## खबर संक्षेप

### शासकीय हाईस्कूल गेवरा में हुआ सायकल वितरण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमी कक्षा में अध्ययनरत शासकीय हाईस्कूल गेवरा की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पुस्तक वितरण भी किया गया। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुकुल कर्ष पूर्व विधायक प्रतिनिधि पूर्व मंडल महामंत्री लखन राठौर मण्डल उपाध्यक्ष सालिक राम दुबे विद्यालय के प्राचार्य श्री कंवर, मनोज कुंडू, रावेन्द्र पटेल, समार साय, कन्हैया यादव, जितेंद्र सिंह, अभिषेक पटेल, विद्यालय के शिक्षक सोनी सहित शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

### वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों से मिले संगठन के सदस्य



**कोरबा।** एसईसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों के केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा आगमन पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन कल्याण समिति के सदस्य महेन्द्रपाल सिंह का केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला गेवरा के अध्यक्ष हमराज राव एवं सचिव मुकुल कर्ष के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने स्वागत किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार राठौर, अमृत लाल साहू, दादू राम गढ़वाल, बजरंग दास, जय सिंह, श्यामलाल साहू, राजाराम खैरवार, विकास सिंह, पवन कुमारी लहरे, भावना सिंह, बिन्दिया, कौशल्या यादव, पवारा बाई, अंजना बाजपेयी सहित सभी प्रमुख सदस्यगण उपस्थित थे।

### चोर ले उड़े नकदी सहित ढाई लाख से अधिक के मोबाइल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सलका साढ़ामार स्थित किराए के मकान में संचालित मोबाइल दुकान के पीछे के दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने दुकान से नकदी सहित लगभग ढाई लाख से अधिक कीमत का मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम सलका साढामार निवासी कृष्ण कुमार साहू आ. भैयालाल साहू (25 वर्ष) प्रेमनगर में किराए का मकान लेकर मोबाइल दुकान का संचालन करता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नोडल आईडी...

कर्मी, चिकित्सकों के द्वारा बायोमैट्रिक अटेंडेंस नहीं लगायी जा रही है। जबकि वहीं मेडिकल कॉलेज में अन्य कर्मियों के द्वारा बायोमैट्रिक अटेंडेंस का पालन किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देश के तहत एक जुलाई से बायोमैट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य की गई है।

### हाथियों ने...

करीब 52 हाथी अलग-अलग झुंड में विचरण कर रहे हैं। इनमें कोरबा वनमंडल के पसरखेत वन परिक्षेत्र के कोल्गा, कटघोरा वनमंडल के जटगा वनपरिक्षेत्र के जटगा व बासिन परिसर, एतमानगर के गुरसिया और केंदई रेंज के कोरबी एवं कापानवापारा में हाथियों का झुंड मौजूद है।

### उप मुख्यम मंत्री...

आनंद से लेकर पोड़ीबहार के चर्च तक नाली निर्माण, वार्ड क्र. 31 में ही ब्लूबर्ड स्कूल के पीछे से लेकर राजेन्द्र सिंह के घर के मोड़ तक नाली एवं कलवर्ट निर्माण, वार्ड क्र. 31 में कोसाबाड़ी फेस-2 में दुर्गा पण्डाल के पास नाली निर्माण का भूमिपूजन शामिल है। इसी प्रकार निगम के वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर में 1 करोड़ 90 लाख 57 हजार रूपये की लागत से 1500 केएल ओव्हर हेड टैंक पाईप लाईन, बाउण्ड्रीवाल एवं स्वीच रूम का निर्माण, वार्ड क्र. 49 प्रगतिनगर में 1 करोड़ 6 लाख 42 हजार रूपये की लागत से 1500 केएल ओव्हर हेड टैंक पाईप लाईन, बाउण्ड्रीवाल एवं स्वीच रूम का निर्माण तथा वार्ड क्र. 52 अयोध्यापुरी में 1 करोड़ 44 लाख रूपये की लागत से 1500 केएल ओव्हरहेड टैंक पाईप लाईन, बाउण्ड्रीवाल एवं स्वीच रूम का निर्माण कार्य शामिल है।

### कोरबा-कुसमुंडा...

पर परेशान नजर आए। दरअसल बारिश की वजह खदान अंदर जाम और सर्वर की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में खदान के अंदर जाने वाले भारी वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी कतार लग जाती है। मंगलवार को इस भारी जाम में बच्चों की स्कूल बस, छोटे वाहन फंस गए। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इमलीछापर चौक से पैदल पैदल कुचेना मोड से आगे एनटीपीसी पुल के नीचे तक जाम में फंसे हल्के वाहनों को रास्ता बनवाकर बाहर निकाले। घंटों मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो सकी।

## निधन

### गणेश प्रसाद यादव



**कोरबा।** बालको से सेवानिवृत्त कर्मचारी गणेश प्रसाद यादव (98 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री तथा भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को दोपहर 2 बजे सेक्टर 5 स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## पुराने जर्जर भवन का प्रस्ताव के बाद भी नहीं हुआ जीर्णोद्धार

# प्रयोगशाला भवन में हो रहा है बालक छात्रावास का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अजगरबहार के आदिवासी बालक छात्रावास का संचालन स्कूल के लिए एक करोड़ की लागत से बनाए गए प्रयोगशाला भवन में किया जा रहा है। वहीं प्रयोगशाला स्कूल के दो कमरों में संचालित हो रही है। व्यवस्था की दृष्टि से प्रयोगशाला के लिए जगह कम पड़ने लगी है।

ग्रामीण अंचलों के छात्रावास के मरम्मत हेतु कई योजनाएं बनाई गई उसमें से कुछ के कार्य भी शुरू हो गए हैं एवं कुछ ऐसे भी आदिवासी छात्रावास हैं जो अपने मूल भवन में न चलकर अन्य भवन में चल रहे हैं। ऐसे छात्रावासों में अजगरबहार बालक छात्रावास शामिल है। जिसका पुराना भवन जर्जर हो चुका है। छतों से पानी रिसने के कारण इसके मरम्मत के लिए भी पंचायत से प्रस्ताव बनाकर आदिवासी विभाग को भेजा गया था, लेकिन इस पुराने भवन के मरम्मत को लेकर विभाग की ओर से कोई पहल होता नहीं देख स्कूल प्रबंधन एवं विभाग के द्वारा बालक छात्रावास का संचालन एक करोड़ की लागत से बनाए गए एक बड़े प्रयोगशाला भवन में होने लगा है। वहीं हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों की प्रयोगशाला स्कूल परिसर में बने दो कमरों में चल रही है। जगह कम होने की वजह से एक साथ सभी छात्रों की प्रेक्टिकल कक्षाएं भी नहीं लगाई जा सकती हैं। छात्रावास के पुराने भवन के मरम्मत को लेकर भेजे गए प्रस्ताव पर कोई काम नहीं हुआ।

**खास बात**

- बाहरी लोगों का भवन में हो रहा है कब्जा




प्रयोगशाला भवन जहां हो रहा है छात्रावास का संचालन।

**स्कूल से 200 मीटर दूर बनी है प्रयोगशाला**

अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रयोगशाला स्कूल परिसर से 200 मीटर की दूरी पर बनाई गई है। इस वजह से प्रयोगशाला में कभी स्कूल के छात्र प्रेक्टिकल कक्षाओं के लिए गए ही नहीं और न ही प्रयोगशाला के संचालन को लेकर स्कूल प्रबंधन ने गंभीरता दिखाई। स्कूल प्रबंधन का कहना था कि प्रयोगशाला परिसर में ही संचालित होती है। दूर स्थित होने के कारण व्यवहारिक रूप से प्रेक्टिकल कक्षाओं का संचालन किया जाना संभव नहीं था।

**तहसील मुख्यालय होने के बाद भवन का उपयोग**

अजगरबहार तहसील मुख्यालय होने के बाद छात्रावास के पुराने भवन का एक कक्ष का उपयोग तहसीलदार के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए विभाग ने अनुमति दी है वहीं एक कक्ष का उपयोग सरपंच के द्वारा किया जा रहा है। दोनों ही कक्षों के मरम्मत कराये जाने के बाद उपयोग में लाया गया है। अजगरबहार तहसील मुख्यालय में शिक्षक आवास, स्वास्थ्य कर्मियों के आवास का निर्माण चल रहा है। किन्तु तहसील में पदस्थ होने वाले तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नायब नाजिर एवं अन्य राजस्व कर्मियों के लिए आवास की व्यवस्था नहीं हो सकी है।

**छात्रावासों में चल रहा मरम्मत**

जिले में जर्जर छात्रावासों के मरम्मत का काम बारिश के पूर्व किया जाना था। लेकिन स्थिति यह है कि बारिश के सीजन में 28 छात्रावासों के मरम्मत की स्वीकृति मिली है। उसमें अजगरबहार छात्रावास शामिल नहीं है। जबकि क्षेत्र का एक सबसे बड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल है जहां सतरेंगा सहित आसपास के ग्रामीण स्कूल से छात्र छात्राएं भी प्रवेश लेते हैं। वहीं दर्ज संख्या भी पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ी है। उस दृष्टि से क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त छात्रावास की सुविधा जरूरी हो गई है।

## एचएमएस की 7 समितियां भंग, संगठन के विपरीत कार्यों को लेकर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के गेवरा क्षेत्रीय समिति दीपका क्षेत्रीय समिति, सीईडब्ल्यूएस-गेवरा क्षेत्रीय समिति तथा शाखा समितियों के कुछ पदाधिकारियों की गतिविधियाँ संगठन की एकता, अनुशासन एवं संगठनात्मक सुदृढ़ता के प्रतिकूल पाई गई हैं, जिससे संगठन के हितों को प्रतिकूल प्रभाव पहुँचा है। इसे लेकर एचएमएस के केंद्रीय महासचिव जेबीसीसीआई सदस्य नाथूलाल पाण्डेय ने संगठन के व्यापक हित एवं अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से, कोयला मजदूर सभा के संविधान की धारा 23 (ब) के प्रावधानों के अनुसार गेवरा क्षेत्रीय समिति, कोयला मजदूर सभा, दीपका क्षेत्रीय समिति, कोयला मजदूर सभा, सी.ई.डब्ल्यू.एस. गेवरा क्षेत्रीय समिति, कोयला मजदूर सभा, गेवरा परियोजना शाखा समिति, कोयला मजदूर सभा, गेवरा क्षेत्र शाखा समिति, कोयला मजदूर सभा, दीपका परियोजना शाखा समिति, कोयला मजदूर सभा, दीपका क्षेत्र शाखा समिति, कोयला मजदूर सभा को भंग कर दिया है। इस आदेश के बाद उक्त समितियों के सभी पूर्व पदाधिकारियों के संगठन की ओर से प्राप्त समस्त प्रशासनिक, वित्तीय एवं बैंकिंग अधिकार तत्काल प्रभाव से समाप्त किए जाते हैं। आज की तिथि से उपर्युक्त समितियों के किसी भी पूर्व पदाधिकारी द्वारा संगठन के किसी भी कार्य में दखल नहीं होगा।

**खास बात**

- एचएमएस के केन्द्रीय महामंत्री नाथूलाल ने जारी किया आदेश

**नए समिति का किया गया गठन**

एचएमएस के केंद्रीय महासचिव श्रमिक नेता नाथूलाल पाण्डेय ने उपर्युक्त समितियों के स्थान पर अंतरिम व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा संगठनात्मक कार्यों के सुचारु संचालन हेतु सदस्यों की एक समिति तत्काल प्रभाव से गठित की है। जिसमें श्रमिक नेता केदार नाथ अग्रवाल को कार्यकारी अध्यक्ष कोयला मजदूर सभा एवं कोरबा संभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है इसी तरह गिरिजा साहू को सचिव, सुरेन्द्र मिश्रा क्षेत्रीय महामंत्री कोरबा क्षेत्र, अशोक साहू सचिव, शिव कुमार गेवरा क्षेत्र, राजेश सिंह गेवरा क्षेत्र, आर.एस. तिवारी गेवरा क्षेत्र, दीपक कुमार दुबे गेवरा क्षेत्र, वीरेंद्र कुमार राठौर गेवरा क्षेत्र, अनुराग बेहरा दीपका क्षेत्र, बसंत कुमार साहू दीपका क्षेत्र, मिट्ठू लाल साहू दीपका क्षेत्र, नंद कुमार राठौर दीपका क्षेत्र, श्रीमती श्यामता साहू सीईडब्ल्यूएस गेवरा क्षेत्र को सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति को यह अधिकार प्रदान किया जाता है कि वह संबंधित क्षेत्रों एवं परियोजना के संगठनात्मक कार्यों का परीक्षण कर आवश्यक विचार-विमर्श के उपरांत तदर्थ समितियों के गठन हेतु उपयुक्त नामों की अनुशंसा करें। नियमित निर्वाचन सम्पन्न होने तक तदर्थ समितियाँ संगठनात्मक कार्यों का संचालन करेंगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में बीएनआई क्रिस्टल्स ने दी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान में बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल क्रिस्टल्स संस्था ने अपनी महती सहभागिता दी तथा महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर मुख्य मार्ग पर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने उक्त मार्ग पर लगाये गये पौधों को गोद लिया तथा इन पौधों की देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुये हरित कोरबा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

इस अभियान के चौथे दिवस महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कोरबा की प्रतिष्ठित संस्था बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल क्रिस्टल्स (बी.एन.आई. क्रिस्टल्स) ने इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता निभाई तथा आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ मिलकर संस्था के पदाधिरियों व सदस्यों ने उक्त मार्ग पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ ही संस्था के अध्यक्ष रोहित असरानी, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव कोषाध्यक्ष धनराज रामानी, सदस्य सागर बत्रा, सुनील रामानी, डॉ.सरफराज खान, सांईप्रिया, सुनील विश्वकर्मा, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ एवं भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डा.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर सहित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया। बी.एन.आई. क्रिस्टल्स के पदाधिकारियों ने उक्त मार्ग पर लगाये गये पौधों को गोद लेते हुये इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आमजन से अपील भी की कि वे पर्यावरण संरक्षण व कोरबा को हरित कोरबा, सुंदर कोरबा बनाने के संकल्प को पूरा करने अपनी महती सहभागिता दें, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पेड़-पौधे व वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन हेतु अपना सहयोग दें।



पौधरोपण करते हुए निगम आयुक्त।

## खिलाड़ियों ने की जिपं अध्यक्ष से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के खिलाड़ी ओम प्रकाश यादव एवं उनके साथियों ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला पंचायत के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने डॉ. पवन सिंह का स्मृतिचिह्न भेंटकर सम्मान किया तथा खेल गतिविधियों एवं रग्बी फुटबॉल के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

भेंट के दौरान खिलाड़ियों ने जिले में रग्बी खेल के प्रति युवाओं के बढ़ते उत्साह एवं आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों की जानकारी साझा की। डॉ. पवन सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## नगर साहू कल्याण संघ के शपथ ग्रहण में शामिल हुए उद्योग मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर साहू कल्याण संघ कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम सम्पन्न किये जाने संबंधित कोरबा। नगर साहू कल्याण संघ के नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 19 जुलाई को स्थान जुनियर क्लब सीएसईबी कॉलोनी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, राजेन्द्र साहू, दिनेश कुमार साहू, संतु साहू, धनीराम साहू, गजानंद साहू, पालूराम साहू, चितरंजन साहू, मोतीलाल साहू, छबिलाल साहू, श्रीमती योगेश्वरी साहू, श्रीमती सुमनबाला साहू, श्रीमती अंजु साहू मंचस्थ रहे। निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष बाला राम साहू, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, सचिव दयाशंकर साहू, कोषाध्यक्ष मुंग राम साहू, सदस्य अमोली राम साहू, शिवचरण साहू, मदन गोपाल साहू, पुष्पेन्द्र साहू उपाध्यक्ष, अजय कुमार साहू सह-सचिव, चन्द्रिका प्रसाद साहू कार्यालय सचिव एवं सदस्यगण नैन दास साहू, वेद प्रकाश साहू, नरेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, दाताराम साहू, तुलाराम साहू, राहुल साहू, द्वास राम साहू, राजू साहू, पिताम्बर साहू, महेश राम साहू, मनोहर साहू, शम्भू साहू, मुन्ना लाल साहू, हरे राम साहू, सोनचरण साहू को उद्योग मंत्री के द्वारा मनोनयन का प्रमाण पत्र वितरित कर शपथ दिलाया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री व अन्य।

## रजगामार स्कूल में साइकिल वितरण पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 37 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के साथ ही विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरि सिंह राठिया सरपंच ग्राम पंचायत रजगामार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी श्रीवास, अध्यक्ष एसएमडीसी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती उषा देवी, दिनेश कुमार कुर्रे (जनपद सदस्य), जितेंद्र कुमार साहू (प्राचार्य), दिनेश कुमार कुर्रे, जितेंद्र राठौर (पंच) एवं पुष्पेंद्र डडसेना उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### कोरबा प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कल

**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार रामपुर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में कोरबा प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, अध्यक्ष नौशाद खान, उपाध्यक्ष राजकुमार शाह, सचिव दिनेश राज, उप सचिव हरीश तिवारी, कोषाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव तथा कार्यकारिणी सदस्यों राजेश कुमार मिश्रा (मिट्ठू), नवाब हुसैन और आकाश शर्मा सहित पूरी कार्यकारिणी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेगी। समारोह में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक प्रेमचंद पटेल, विधायक फूलसिंह राठिया, महापौर संजू देवी राजपूत, निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में रायपुर प्रेस क्लब, बिलासपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हो गए है।

### देवपहरी में एकल अभियान का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण संपन्न



**कोरबा।** एकल अभियान अंचल के देवपहरी बालको एवं मोरगा का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग 16 जुलाई से 20 जुलाई तक सभागार भवन देवपहरी में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ संच समिति संरक्षक प्रेमदास महंत, हरिशंकर यादव एवं अध्यक्ष धनसिंह कंवर की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात ओंकार मंत्र, गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना तथा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख रूपलाल सोरठे, संच प्रशिक्षक जयपाल टेकाम, कौस्तुक राज, शीतला पटेल, अयोध्या निर्मलकर, जीनू महंत, प्रीति विश्वकर्मा एवं चंद्रा कुमार राठिया ने पंचमुखी शिक्षा तथा प्राथमिक शिक्षा के सातों विषयों पर आचार्यों को विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान लेमरू थाना प्रभारी सुमन लाल पोया ने उपस्थित होकर साइबर अपराधों से बचाव एवं जागरूकता पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। वहीं अंचल अभियान प्रमुख वेद प्रसाद यादव ने प्रशिक्षण वर्ग का अवलोकन करते हुए आचार्यों का समीक्षा सत्र लिया। वन विभाग लेमरू के अधिकारी विकास बनर्जी के सहयोग से डिप्टी रेंजर विमलता, संतोष कुमार ध्रुव तथा परिसर रक्षक जय कुमार कंवर ने वन विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं वन संरक्षण संबंधी जानकारी विस्तार से साझा की।

### लेमरू हाईस्कूल के विद्यार्थियों को मिली साइकिलें

**कोरबा।** ग्राम पंचायत लेमरू के शासकीय हाईस्कूल में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले बच्चों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना रहा। साइकिल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लेमरू की सरपंच रजनी सिंह तंवर, विधायक प्रतिनिधि बुद्धमान सिंह, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर यादव, विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार रात्रे सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना है। इससे विद्यालय की दूरी बच्चों की पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी और छात्र-छात्राएं समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे।

# ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में खुलेंगी नई पीडीएस दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों के लोगों को गांव के समीप ही खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई पीडीएस दुकान खोलने की कार्रवाई करते हुए करतला, कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा में 4 नई दुकानों की शुरूआत कर खाद्यान्न का आबंटन शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में कुल 555 दुकानें संचालित हो रही हैं।

पीडीएस दुकानों के विस्तार को लेकर चल रही तैयारियों के मद्देनजर पूरे जिले में 20 नई पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी। 4 नई दुकानों का संचालन शुरू कर पहुंचविहीन क्षेत्रों में इन दुकानों के माध्यम से खाद्यान्नों का आबंटन भी शुरू कर दिया गया है। शुरूआती दौर में इनके संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायतों को दिया गया है। गांव की महिलाओं का समूह गठन कर इनके संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी। खाद्य विभाग के रिकार्ड के अनुसार ग्रामीण अंचलों में राशन कार्ड की संख्या दूरस्थ क्षेत्रों में कम है।

### करतला, कोरबा व पोड़ी उपरोड़ा में शुरू हुआ आबंटन




### 56 हजार बीपीएल हितग्राहियों ने नहीं कराया केवायसी

जिले में 56 हजार बीपीएल हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने अपना केवायसी नहीं कराया है। वहीं 16 हजार एपीएल हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने भी अब तक ई केवायसी नहीं कराए हैं। ये ऐसे हितग्राही हैं जो राशन कार्ड बनवाने के बाद भी पीडीएस दुकानों से खाद्यान्न का उठाव नहीं कर रहे हैं। इनका राशन भी रोक दिया गया है। ऐसे हितग्राहियों के लिए ई केवायसी कराना आवश्यक कर दिया गया है।

ऐसे क्षेत्र जहां 200 राशन कार्ड हैं उन क्षेत्रों में भी पीडीएस दुकानों का विस्तार होगा। ऐसे सभी क्षेत्रों का विभाग के द्वारा सर्वे कराया गया है। जहां के लोगों को खाद्यान्न लेने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे दुकानों के संबंध में जनपद पंचायतों से जानकारी ली गई थी। उक्त जानकारी के आधार पर खाद्य विभाग ने पीडीएस दुकान आबंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## जिले में जून से अब तक 11 लोगों की जा चुकी है जान

# रिमझिम फुहारों के साथ गहराया सर्पदंश का खतरा, 20 दिनों में 7 लोगों की हुई है मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून की दस्तक और बारिश की फुहारों के साथ ही जमीन में रेंगने वाले विषैले जीवों की चहल-पहल बढ़ गई है। घने वनों से आच्छादित कोरबा जिले में किंग कोबरा सहित विभिन्न प्रजातियों के खतरनाक जहरीले सांप पाए जाते हैं। यही वजह है कि मानसून की शुरुआत होते ही जिले के रिहायशी इलाकों और ग्रामीण अंचलों में जहरीले सांपों का निकलना तेजी से शुरू हो गया है, जिससे लोग लगातार सर्पदंश का शिकार हो रहे हैं। इस महीने ही सर्पदंश से 7 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि जून से अब तक कुल 11 लोग कालकवलित हो चुके हैं।

सर्पदंश की घटनाओं में अचानक बड़ा इजाफा हुआ है। अकेले जुलाई महीने में ही अब तक सर्पदंश की 7 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं जून महीने से लेकर अब तक कुल 11 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। लगातार हो रही मौतों से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। विशेषज्ञों और सर्प मित्रों के मुताबिक, बारिश के दिनों में सांपों के बिलों में पानी भर जाता है, जिससे वे सुरक्षित और सूखे स्थानों की तलाश में बाहर निकलने लगते हैं। इस दौरान कई बार वे भूलवश इंसानी बस्तियों, कच्चे मकानों, पैरावट या फर्श पर सो रहे लोगों के करीब पहुंच जाते हैं। अंधेरे और अनजाने में पैर पड़ जाने पर सांप हमला कर देते हैं। नया मामला कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम आमाखोखरा में सामने आया है जहां निवासरत सानवी कंवर उम्र 6 साल पिता किरान सिंह कंवर सोमवार की रात खाट पर सोयी थी इस दौरान एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। देर रात को जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया जहां सावनी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।



किंग कोबरा का रेस्क्यू करते हुए।

### मेडिकल हॉस्पिटल से सर्प किया गया रेस्क्यू



जिला मेडिकल अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विषैला कोबरा डॉक्टर के कंप्यूटर टेबल के नीचे बैठा हुआ दिखाई दिया। जैसे ही अस्पताल के कर्मचारियों की नजर सांप पर पड़ी, उन्होंने घबराने के बजाय तुरंत रेप्टाइल केयर एंड रेस्क्यूअर सोसाइटी के अविनाश यादव को सूचना दी। सूचना मिलते ही अविनाश यादव तत्काल अपनी रेस्क्यू सामग्री के साथ मौके पर पहुंचे। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ और संवेदनशील माहौल को देखते हुए उन्होंने कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

### बचाव और सावधानी के मुख्य उपाय

बारिश के मौसम में फर्श पर सोने की जगह खाट या बेड का इस्तेमाल करें और अनिवार्य रूप से मच्छरादानी लगाएं। रात के समय घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा टॉर्च/फ्लैशलाइट का उपयोग करें और लाठी-डंडे से जमीन को खटखटाते हुए चलें। घर के आसपास झाड़ियों, कचरे और लकड़ियों के ढेर को जमा न होने दें, क्योंकि ये सांपों के छिपने की पसंदीदा जगहें हैं। सर्पदंश की स्थिति में बिना समय गंवाए मरीज को तुरंत निकटतम जिला अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

# प्रदेश के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम



पुरस्कृत खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोशल रिवाइवल ग्रुप्स ऑफ अर्बनए रूरल एंड ट्राइबल (स्त्रोत) के मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फॉर चेंज राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जुलाई तक नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित की गई। जिसमें देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

स्त्रोत के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से खो.खो, बालिका वर्ग, टेबल टेनिस बालक वर्ग तथा तीरंदाजी बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बिलासपुर के युवराज बंजारे ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक व एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फॉर चेंज स्कालरशिप अपने नाम किया। इस उपलब्धि से पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उनके प्रशिक्षक श्री सुरेश जायसवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ी की सफलता को निरंतर अभ्यासए अनुशासन और कठिन परिश्रम का परिणाम बताया। स्त्रोत के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ग्रामीण, आदिवासी एवं वंचित क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। खिलाड़ियों की यह सफलता पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है तथा प्रदेश के हजारों युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# बारिश से कई स्थानों में भरा पानी, बरपाली गिरारी सड़क हक्षतिग्रस्त, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार को दिन भर हुई बारिश से शहरी क्षेत्र की निचली बस्तियों में पानी भरने के साथ मुख्य मार्गों में भी पानी भरने के कारण आवागमन करने में आम लोगों को व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं एक बार फिर कुसमुंडा मार्ग में जाम की स्थित निर्मित हो रही है।

बारिश के कारण जिले के ग्रामीण अंचलों के मुख्य मार्ग एवं पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिनका आंकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों के साथ अनुविभागीय अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का दौरा भी किया है। बीते दो दिन से बारिश के कारण पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड ज्यादा प्रभावित हुआ है। इसमें पसान, चोटिया जैसे इलाके शामिल हैं। जहां के मुख्य मार्ग के कुछ हिस्से पानी के तेज बहाव में बह गए। मिट्टी कटाव होने से मार्ग में आवागमन भी बाधित रहा। कुछ प्रमुख मार्ग तो पूरी तरह कट गए। इनके अलावा छोटे छोटे पुल पुलियों का भी नुकसान हुआ है। जिसका निरीक्षण करने के लिए पोड़ी उपरोड़ा अनुविभागीय अधिकारी मनोज बंजारे ने कोरबी, चोटिया और पसान क्षेत्र का दौरा किया था। प्रभावित इलाकों का दौरा करने के साथ ही जन जीवन को हुए नुकसान का भी विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट तैयार की है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सोमवार, मंगलवार को भी ऐसे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। जहां पुल पुलियों और सड़कों को बारिश की वजह से नुकसान पहुंचा था।



बारिश से बरपाली गिरारी मार्ग की सड़क धसी।

### शहर के ये हिस्से हुए प्रभावित

शहर के कुछ ऐसे हिस्से हैं जो बारिश की वजह से पिछले लंबे समय से प्रभावित हो रहे हैं। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से मुख्य मार्गों में पानी भरने के साथ व्यवसायिक परिसरों में भी पानी भर जाता है। बालको क्षेत्र के आजाद नगर के साथ पुराने रिस्दा बस्ती और मुख्य मार्गों में भी जल जमाव की स्थिति निर्मित हो रही है। बारिश की वजह से आवागमन की सबसे खराब स्थिति रुमगढ़ा और रिस्दा पुल में निर्मित होती है। जिनकी खराब स्थिति के कारण पुल में ही पानी भरा रहता है। दोनों ही पुलों में घटनाएं भी हो चुकी हैं।

# महापौर का आयुष मेडिकल एसोसिएशन ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजू देवी सिंह राजपूत को शहर के विकास, जनसेवा और संवेदनशील नेतृत्व के लिए आयुष मेडिकल एसोसिएशन (आयुष्मा) ने सम्मानित किया। एक निजी होटल होटल में आयोजित सम्मान समारोह में एसोसिएशन की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महापौर संजू देवी सिंह राजपूत ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व जनता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनहित के कार्यों को सभी के सहयोग से आगे बढ़ाया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएं। जनप्रतिनिधि को हमेशा लोगों के लिए सहज और सुलभ होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे केवल किसी एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि पूरे नगर के प्रत्येक नागरिक के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगी और शहर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेंगी। इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र कश्यप, डॉ. राघवेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. मृत्युंजय शर्मा, डॉ. आरसी पांडे, डॉ. प्रदीप जैन आदि उपस्थित थे।



### बेलाकछार बालको मार्ग में भरा पानी

**बालकोनगर।** संगम नगर बेलाकछार बालको में मुख्य मार्ग पानी जमा हो रहा है तथा सड़क की हालत बहुत ही ज्यादा खराब है मार्ग पर छोटे बच्चों से लेकर आमजनों का आवागमन होता है। मार्ग पर वाहनों का दबाव भी बना रहता है। वार्ड क्रमांक 18 के सरपंच व पंच द्वारा कई बार ध्यान आकर्षित कराया गया। उसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा इसे लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 15 हजार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के ऐतिहासिक पड़ाव की ओर वेदांता स्किल स्कूल

# बालको ने मनाया वेदांता स्किल स्कूल की उपलब्धियों का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर वेदांता स्किल स्कूल के 15 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया। आयोजित कार्यक्रम में कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और आर्थिक आत्मनिर्भरता से जोड़ने की उपलब्धियों को साझा किया गया। इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस की थीम साझा भविष्य के लिए कौशल है।

कार्यक्रम में बालको के वरिष्ठ अधिकारी, समुदाय के प्रतिनिधि, पूर्व प्रशिक्षु, वर्तमान प्रशिक्षु और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में स्किल स्कूल द्वारा सप्ताह भर विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाद-विवाद, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, इंडोर खेल और एआई वीडियो निर्माण जैसी कार्यों के माध्यम से युवाओं को अपनी रचनात्मकता, तार्किक सोच, संवाद क्षमता और डिजिटल कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिला। समारोह में प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति की झलक पेश की। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वेदांता स्किल स्कूल के एक पूर्व प्रशिक्षु की वास्तविक जीवन यात्रा पर आधारित नाट्य प्रस्तुति रही। प्रस्तुति में दिखाया गया कि किस प्रकार कौशल प्रशिक्षण ने एक युवा के जीवन को नई दिशा देते हुए उसके लिए रोजगार और बेहतर भविष्य के अवसर तैयार किए। प्रशिक्षुओं के सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पूर्व प्रशिक्षुओं की सफलता की कहानियों और तकनीकी कौशल प्रदर्शन के साथ आयोजित समारोह ने कौशल विकास के 15 वर्षों की यात्रा को यादगार बनाया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक राजेश सिंह ने कहा पिछले 15 वर्षों से वेदांता स्किल स्कूल युवाओं को रोजगार से जुड़े कौशल सिखाकर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार कर रहा है। हमारा उद्देश्य युवाओं को ऐसा प्रशिक्षण देना है, जिससे वे बदलती उद्योगों की जरूरतों के अनुसार अपने कौशल को विकसित कर सकें। व्यावहारिक प्रशिक्षण और आत्मविश्वास के साथ युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं और उनके लिए रोजगार व आजीविका के नए अवसर खुल रहे हैं। इसी प्रयास के माध्यम से हम समुदायों की प्रगति और उज्ज्वल भविष्य में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर वेल्डर और मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त 40 से अधिक युवाओं को प्लेसमेंट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। वहीं इस अवसर पर वेदांता स्किल स्कूल में पीएम सूर्य घर सर्टिफिकेशन एंड स्किल अपग्रेडेशन कोर्स फॉर सोलर पीवी टेक्नीशियन की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के तहत 100 सोलर पीवी टेक्नीशियन को एक सप्ताह का कौशल उन्नयन एवं प्रमाणन प्रशिक्षण दिया जाएगा।



प्रशस्ति पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी।

